Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक: 19 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**भारतीय भाषा एवं साहित्य पर 14 दिवसीय रेफ्रेशर कोर्स आज से**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के यूजीसी– एच.आर.डी.सी. एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंटरैक्टिंग इंटरडिसिप्लिनरिटीरू रीसेंट ट्रेंड्स इन इंडियन लैंग्वेज एंड लिटरेचर विषय पर 14 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेफ्रेशर कोर्स) का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हिंदी, संस्कृत ,उर्दू एवं अंग्रेजी भाषा के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान और विमर्श आयोजित किए जाएंगे। पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र का आयोजन आज ऑनलाइन किया जाएगा। उक्त जानकारी एचआरडी सेंटर के निदेशक प्रो. रजनी कान्त पाण्डेय एवं पाठ्यक्रम के समन्वयक एवं अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजेश सिंह करेंगे, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक की उपस्थिति होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की पूर्व अध्यक्ष , वर्तमान में प्रोफेसर ओफ एमिनेन्स प्रो. निशि पाण्डेय तथा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. वाई. पी. सिंह की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग पचास शिक्षक सहभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने यह भी बताया किइस कार्यक्रम के अंतर्गत भाषा एवं साहित्य के विभिन्न अन्तर्विषयक आयामों पर विमर्श किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आचार्यों ने व्याख्यान के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur